हिन्दी में

श्री कृष्ण चालीसा

आरती और पूजा विधि सहित

All PDF Collection
PDF Seva

जय श्री कृष्ण • जय श्री कृष्ण • जय श्री कृष्ण • जय श्री कृष्ण

जय श्री कृष्ण • जय श्री कृष्ण • जय श्री कृष्ण • जय श्री कृष्ण

|| श्री कृष्ण चालीसा ||

|| दोहा ||

वंशी शोभित कर मधुर, नील जलद तन श्याम। अरुण अधर जनु बिम्बफल, नयन कमल अभिराम॥
पूर्ण इन्द्र, अरविन्द मुख, पीताम्बर शुभ साज।जय मनमोहन मदन छवि, कृष्णचन्द्र महाराज॥

|| चौपाई ||

जय यदुनंदन जय जगवंदन।जय वसुदेव देवकी नन्दन॥जय यशुदा सुत नन्द दुलारे।जय प्रभु भक्तन के दृग तारे॥

जय नटनागर, नाग नथइया॥कृष्ण कन्हइया धेनु चरइया॥पुनि नख पर प्रभु गिरिवर धारो।आओ दीनन कष्ट निवारो॥

वंशी मधुर अधर धरि टेरौ।होवे पूर्ण विनय यह मेरौ॥आओ हरि पुनि माखन चाखो। आज लाज भारत की राखो॥

गोल कपोल, चिबुक अरुणारे।मृदु मुस्कान मोहिनी डारे॥राजित राजिव नयन विशाला।मोर मुकुट वैजन्तीमाला॥

कुंडल श्रवण, पीत पट आछे।कटि किंकिणी काछनी काछे॥नील जलज सुन्दर तनु सोहे।छवि लखि, सुर नर मुनिमन मोहे॥

मस्तक तिलक, अलक घुँघराले।आओ कृष्ण बांसुरी वाले॥करि पय पान, पूतनहि तारयो।अका बका कागासुर मारयो॥

मधुवन जलत अगिन जब ज्वाला।भै शीतल लखतहिं नंदलाला॥सुरपति जब ब्रज चढ़्यो रिसाई।मूसर धार वारि वर्षाई॥

लगत लगत व्रज चहन बहायो।गोवर्धन नख धारि बचायो॥लखि यसुदा मन भ्रम अधिकाई।मुख मंह चौदह भुवन दिखाई॥

दुष्ट कंस अति उधम मचायो।।कोटि कमल जब फूल मंगायो।।नाथि कालियहिं तब तुम लीन्हें।चरण चिह्न दै निर्भय कीन्हें।।

करि गोपिन संग रास विलासा।सबकी पूरण करी अभिलाषा।।केतिक महा असुर संहारियो ।कंसहि केस पकड़ि दै मारयो।।

मातपिता की बन्दि छुड़ाई ।उग्रसेन कहँ राज दिलाई।।महि से मृतक छहों सुत लायो।मातु देवकी शोक मिटायो।।

भौमासुर मुर दैत्य संहारी।लाये षट दश सहसकुमारी।।दै भीमहिं तृण चीर सहारा।जरासिंधु राक्षस कहँ मारा।।

असुर बकासुर आदिक मारयो।भक्तन के तब कष्ट निवारयो।।दीन सुदामा के दुःख टारयो।तंदुल तीन मूंठ मुख डारयो।।

प्रेम के साग विदुर घर माँगे।दर्योधन के मेवा त्यागे।।लखी प्रेम की महिमा भारी।ऐसे श्याम दीन हितकारी।।

भारत के पारथ रथ हाँके।लिये चक्र कर नहिं बल थाके।।निज गीता के ज्ञान सुनाए।भक्तन हृदय सुधा वर्षाए।।

मीरा थी ऐसी मतवाली।विष पी गई बजाकर ताली।।राणा भेजा साँप पिटारी।शालीग्राम बने बनवारी।।

निज माया तुम विधिहिं दिखायो।उर ते संशय सकल मिटायो।।तब शत निन्दा करि तत्काला।जीवन मुक्त भयो शिशुपाला।।

जबहिं द्रौपदी टेर लगाई।दीनानाथ लाज अब जाई।।तुरतहि वसन बने नंदलाला।बढ़े चीर भै अरि मुँह काला।।

अस अनाथ के नाथ कन्हैया।डूबत भंवर बचावइ नइया।।सुन्दरदास आ उर धारी।दया दृष्टि कीजै बनवारी।।

नाथ सकल मम कुमति निवारो।क्षमहु बेगि अपराध हमारो।।खोलो पट अब दर्शन दीजै।बोलो कृष्ण कन्हैया की जय।।

|| दोहा ||

यह चालीसा कृष्ण का, पाठ करै उर धारि।
अष्ट सिद्धि नवनिधि फल, लहै पदारथ चारि।।

|| श्री कृष्ण जी की आरती ||

आरती कुंजबिहारी की,श्री गिरिधर कृष्ण मुरारी की ॥आरती कुंजबिहारी की,श्री गिरिधर कृष्ण मुरारी की ॥

गले में बैजंती माला,बजावै मुरली मधुर बाला ।श्रवण में कुण्डल झलकाला,नंद के आनंद नंदलाला ।

गगन सम अंग कांति काली,राधिका चमक रही आली ।लतन में ठाढ़े बनमाली, भ्रमर सी अलक,कस्तूरी तिलक,चंद्र सी झलक,

ललित छवि श्यामा प्यारी की,श्री गिरिधर कृष्ण मुरारी की ॥

॥ आरती कुंजबिहारी की...॥

कनकमय मोर मुकुट बिलसै,देवता दरसन को तरसैं ।गगन सों सुमन रासि बरसै ।

बजे मुरचंग,मधुर मिरदंग,ग्वालिन संग,अतुल रति गोप कुमारी की,श्री गिरिधर कृष्णमुरारी की ॥॥ आरती कुंजबिहारी की...॥

जहां ते प्रकट भई गंगा,सकल मन हारिणि श्री गंगा । स्मरन ते होत मोह भंगा बसी शिव सीस, जटा के बीच, हरै अघ कीच,

चरन छवि श्रीबनवारी की, श्री गिरिधर कृष्णमुरारी की ॥

॥ आरती कुंजबिहारी की...॥

चमकती उज्ज्वल तट रेनू,बज रही वृंदावन बेनू ।चहुं दिसि गोपि ग्वाल धेनू हंसत मृदु मंद, चांदनी चंद,

कटत भव फंद,टेर सुन दीन दुखारी की, श्री गिरिधर कृष्णमुरारी की ॥ ॥ आरती कुंजबिहारी की...॥

आरती कुंजबिहारी की,श्री गिरिधर कृष्ण मुरारी की ॥

आरती कुंजबिहारी की,श्री गिरिधर कृष्ण मुरारी की ॥

जय श्री कृष्ण • जय श्री कृष्ण • जय श्री कृष्ण • जय श्री कृष्ण
जय श्री कृष्ण • जय श्री कृष्ण • जय श्री कृष्ण • जय श्री कृष्ण

|| श्री कृष्ण जी की पूजा विधि ||

कृष्ण जी की पूजा-अर्चना / पूजा विधि इस प्रकार है :-

❖ बाल गोपाल का जन्म होने के बाद उन्हें सबसे पहले दूध, दही, घी, फिर शहद से स्नान कराएं।

❖गंगाजल से उनका अभिषेक करें। स्नान कराने के बाद पूरे भक्ति भाव के साथ एक शिशु की तरह भगवान के बाल स्वरूप को लगोंटी अवश्य पहनाएं।

❖जिन चीजों से बाल गोपाल का स्नान हुआ है, जिसे पंचामृत कहते हैं उसे प्रसाद के रूप में बांटा जाता है।

❖फिर भगवान कृष्ण को नए वस्त्र पहनाएं। भगवान के जन्म के बाद गीत गाएं।

❖कृष्णजी को आसान पर बैठाकर उनका श्रृंगार करें।

❖अब उनको चंदन और अक्षत लगाएं और उनकी पूजा करें।

❖इसके उपरान्त भगवान को भोग की सामग्री अर्पण करें। भोग में तुलसी का पत्ता जरूर इस्तेमाल करें।

❖भगवान को झूले पर बिठाकर झुला झुलाएं और गीत गाएं।

All PDF Collection

PDFSeva

Hi! We're PDFSeva. A dedicated portal where one can download any kind of PDF files for free, **with just a single click**.

PDFSeva.com